सोमवार
17 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



श्रमजीवी एक्स. से हथियारों की खेप के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सप्लायर गिरफ्तार 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

**अतीक-अशरफ की हत्या के बाद हाईअलर्ट : कई जिलों की फोर्स प्रयागराज पहुंची, संवेदनशील इलाकों के साथ चप्पे चप्पे पर अतिरिक्त फोर्स तैनात**

# कड़ी सुरक्षा के बीच डान ब्रदर्स अतीक-अशरफ सुपुर्द-ए-खाक

**एजेंसी/प्रयागराज**

प्रयागराज में शनिवार शाम तीन हमलावरों की ताबड़तोड़ गोलियों का शिकार हुए माफिया व बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के शवों को रविवार रात यहां के कसारी मसारी कब्रिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद अतीक और अशरफ के शव शाम करीब साढ़े छह बजे कब्रिस्तान लाए गए। उन्होंने बताया कि रीति रिवाजों के बाद दोनों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान मृतकों के चंद दूर के रिश्तेदार ही इस मौके पर मौजूद रहे। मिट्टी देने के थोड़ी देर पहले अतीक अहमद के दोनों बेटे एहजम और अबान को कसारी-मसारी कब्रिस्तान लाया गया, जहां अतीक और अशरफ को दफनाया गया।

उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस कस्टडी में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात काल्विन अस्पताल के पास हत्या कर दी गई। दोनों को काल्विन अस्पताल स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था। उसी समय 10 फायर किए गए। अतीक की कनपटी पर सटाकर एक गोली मारी गई। अज्ञात वाहनों से आए हमलावरों ने हत्याकांड को अंजाम देने के बाद समर्पण कर दिया। घटना के बाद जिले की सीमा को सील कर दिया है। मौके पर आरएएफ को भी बुला लिया गया है। पुलिस महानिदेशक सहित उच्चाधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं घटना के संबंध में पूछताछ की।



- प्रयागराज में चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा, शूटरों से पुलिस व एसटीएफ कर रही पूछताछ
- शहरी इलाकों में सीपी प्रयागराज तो ग्रामीण इलाकों में आईजी जोन ने संभाली कमान
- व्यापारियों से दुकानें बंद रखने की अपील

## बड़ा सवाल... अतीक की सुरक्षा में हुई बड़ी चूक या जानबूझकर की गई गलती?

**प्रयागराज।** गैंगस्टर और नेता अतीक अहमद और अशरफ अहमद की हत्या के बाद कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं। एक सवाल ये उठ रहा है कि क्या अतीक की सुरक्षा में हुई चूक हुई या जानबूझकर गलती की गई है। दरअसल, शुक्रवार (14 अप्रैल) को यूपी पुलिस का काफिला जब अतीक को लेकर थाने से निकला था, तब इस काफिले में तीन गाड़ियां थीं, जिनमें दो खुली जीप और एक स्कॉर्पियो शामिल थीं। जबकि शनिवार (15 अप्रैल) को भी अतीक को पुलिस जहां थाने से लेकर निकली तो काफिले में वही तीन गाड़ियां शामिल थीं। इसमें दो खुली जीप और एक स्कॉर्पियो मौजूद थी।



शुक्रवार और शनिवार (14 और 15 अप्रैल) की इन तस्वीरों से साफ है कि पुलिस सिक्योरिटी दोनों ही दिन बराबर थी. हर दिन अतीक को पीछे से खुली जीप में ही ले जाया गया, जो उसकी सुरक्षा में शुरू से ही बड़ी चूक थी। इन जीप और स्कॉर्पियो पर कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा था। जब अतीक अहमद को साबरमती जेल से प्रयागराज लाया जा रहा था। तब भी इंटेलीजेंस ने उसकी जान को खतरा बताया था। शक था कि अतीक पर हमला हो सकता है. उस समय बाकायदा सीसीटीवी कैमरे लगी गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया था और अतीक को बख्तरबंद बंद गाड़ी में ही रखा जाता था।

मगर, ऐसा क्या हुआ कि रिमांड के दौरान पुलिस ने अतीक की सुरक्षा बेहद कम कर दी। बख्तरबंद गाड़ी तो दूर अतीक को खुली जीप में थाने से बाहर छापेमारी और मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया जाने लगा।

## अतीक-अशरफ की हत्या के मामले में जांच के लिए आयोग गठित

**प्रयागराज।** अतीक अहमद और उनके भाई की प्रयागराज में मेडिकल के लिए ले जाते समय हत्या कर दी गई है। पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है और हत्या की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित कर दिया गया है।

घटना के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लगा दी गई है। अतीक अहमद और उनके परिवार ने निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सुरक्षा की मांग की थी। एक महीना पहले ही अतीक अहमद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उमेश पाल की हत्या की जांच के दौरान अपनी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की थी। लेकिन शनिवार को देर रात अतीक और अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। डान ब्रदर्स का पोस्टमार्टम शुरू हो गया है। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। अतीक और अशरफ के शवों का पोस्टमार्टम शुरू हो।

इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिये हैं। कैसे पुलिस कस्टडी में कोई मोस्टवांटेड क्रिमिनल के पास आ जाता है और बाकायदा उसे गोलियों से भून देता है और पुलिस सिर्फ मूकदर्शक बनी रहती है। वह तीनों खुद सरेंडर कर देते हैं तब पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर पाती है। इस दौरान कुछ मीडियाकर्मियों को बचने में हल्की चोट भी आई है।

## पहले गुनाह के रास्ते पर चला और बाद में सियासत में चमका सितारा

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**

अतीक अहमद बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई से दूर हो गया था। खेलने-कूदने की उम्र में ही अतीक अहमद जुर्म की दुनिया में कदम रख चुका था। वह पहले गुनाह के रास्ते पर चला और उसके बाद सियासत में उसका सितारा चमकता गया। पहले अपहरण और हत्या का आरोप लगा। उसके बाद विधायक और सांसद बना।

फिर कुछ दिनों तक जेल गुनाहों की सजा भुगत रहा था और जब पेशी के लिए प्रयागराज लाया गया तो अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या दी है। दोनों भाइयों की हत्याकांड को अंजाम उस वक्त दिया गया, जब दोनों को पुलिस मेडिकल कॉलेज ले जा रही थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चलिए आपको अतीक अहमद की पूरी क्राइम कुंडली बताते हैं।

**तांगे वाले का बेटा बना बदमाश :** 10 अगस्त 1962 को चाकिया में हाजी फिरोज के घर अतीक अहमद का जन्म हुआ था। फिरोज तांगा चलाता थे। बताया जाता है कि हाजी फिरोज भी आपराधिक प्रवृत्ति के थे। उनकी माली हालत भी ठीक नहीं थी। अतीक बचपन का पढ़ाई-लिखाई में मन नहीं लगता था। अतीक 10वीं में फेल हो गया। वह इलाके के बदमाशों की संगत में आ गया। पैसों की खातिर उसका जुर्म की दुनिया में कदम रखना भी गवारा नहीं था। उसने मारपीट, अपहरण और रंगदारी वसूलने जैसे काम करने लगा। जब अतीक अहमद सिर्फ 17 साल का था तो उसके खिलाफ हत्या का आरोप लगा।

चांद बाबा की हत्या में अतीक का नाम आया : उस वक्त इलाहाबाद में चांद बाबा का खौफ था। उसके नाम से आम जनता से लेकर पुलिस तक कांपती थी। इस बीच अतीक अहमद का नाम भी जुर्म की दुनिया में तेजी से ऊपर चढ़ रहा था। अतीक नेताओं और पुलिस से सांठगांठ बना ली। अतीक का गैंग तेजी से बढ़ने लगा। वह पुलिस के लिए नासूर बन गया। जब इस बात की भनक अतीक को लगी तो उसने पुराने मामले में पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। एक साल बाद अतीक अहमद जेल से बाहर निकला। उसे समझ आ गया था कि बिना सियासत के टिकना मुश्किल है।

**अतीक अहमद की सियासत में इंट्री :** जुर्म की दुनिया में बड़ा नाम बन चुका अतीक अहमद सियासी मैदान में उतरने की ठान ली। उसने साल 1989 में इलाहाबाद पश्चिम सीट से यूपी विधानसभा का पर्चा दाखिल किया। अतीक अहमद के सामने सियासी मैदान में एक और माफिया चांद बाबा था। चांद बाबा और अतीक अहमद के बीच कई बार गैंगवार हो चुका था। अब जुर्म की दुनिया के दो दिग्गज सियासी मैदान में आमने-सामने थे।

## सरेंडर..सरेंडर बोलते हुए किया खुद को पुलिस के हवाले



**प्रयागराज।** योगी सरकार ने इस हत्याकांड के उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। पूरे प्रदेश में धारा-144 लागू कर दी गई है। इस बीच बड़ा खुलासा हुआ है और यह बात सामने आई है कि अतीक और अशरफ की हत्या के तीनों आरोपी प्रयागराज के बाहर के रहने वाले हैं। जिसमें बांदा जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत केवतरा क्रॉसिंग निवासी यज्ञ कुमार तिवारी का बेटा लवलेश तिवारी, हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के कुरारा निवासी स्व. जगत सिंह का बेटा मोहित उर्फ सनी व कासगंज जिले के सोरों थाना अंतर्गत कातर बारी निवासी दीपक कुमार का बेटा अरुण कुमार मौर्य शामिल है।

अतीक और अशरफ पर गोली चलाने वाले तीनों आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि आरोपियों पर पहले कहां-कहां और किस तरह के मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी बता रहे हैं कि वो बड़ा माफिया बनना चाहते हैं इसलिए वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने बताया कि कब तक छोटे-मोटे शूटर रहेंगे, बड़ा माफिया बनना है इसलिए हत्याकांड को अंजाम दिया।'

## सीबीआई ने 9 घंटों तक केजरीवाल से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीबीआई ने अपने ऑफिस में करीब साढ़े 9 घंटे तक पूछताछ की। वे रविवार सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर एजेंसी के ऑफिस पहुंचे थे। केजरीवाल रात 8.30 बजे एजेंसी ऑफिस से बाहर आए। केजरीवाल ने बताया कि सीबीआई ने जितने सवाल पूछे मैंने सभी के जवाब दिए। हमारे पास कुछ छिपाने के लिए नहीं है। ये पूरा का पूरा कथित शराब घोटाला झूठ है, फर्जी है और गंदी राजनीति से प्रेरित है। आप कट्टर व ईमानदार पार्टी है। हम मर-मिट जाएंगे पर कभी अपनी ईमानदारी के साथ समझौता नहीं करेंगे। वे आप को खत्म करना चाहते हैं लेकिन देश की जनता हमारे साथ है। लगभग 56 सवाल उन्होंने पूछे।

## जहरीली शराब मामलों में सीएम दें इस्तीफाः सुशील मोदी

**केटी न्यूज/पटना**

मोतिहारी में 30 से ज्यादा संदिग्ध मौत के बाद बिहार की राजनीति गरमा गई है। इसको लेकर खूब बयानबाजी हो रही है. वहीं, बीजेपी इस मुद्दे पर आक्रामक हो गई है। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने रविवार को कहा कि 2016 में शराबबंदी लागू होने के बाद से जहरीली शराब पीने की घटनाओं में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। यह हादसा नहीं, दलितों-गरीबों की हत्या का मामला है और इसकी जिम्मेदारी लेकर नीतीश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए।

सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जहरीली शराब से मरने वालों और उनके आश्रितों के प्रति नीतीश कुमार की कोई सहानुभूति नहीं है। पूर्वी चम्पारण में जहरीली शराब से जिनकी मृत्यु हुई, उनके आश्रितों को भी उत्पाद कानून के अनुसार 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलनी चाहिए। खजूरबन्ना (गोपालगंज) में जहरीली शराब से



मरने वाले 30 लोगों को मुआवजा दिया गया था। बीजेपी नेता ने कहा कि जेडीयू-आरजेडी सहित जिन सात दलों के राज में दो दिन के भीतर जहरीली शराब से दलित-आदिवासी समुदाय के 30 से ज्यादा लोगों की जान गई, वे यूपी के एक माफिया के गैंगवार में मारे जाने पर आंसू बहा रहे हैं। माफिया अतीक और उसके गुर्गों के मारे जाने से उत्तर प्रदेश की जनता खुश है लेकिन जिन्होंने बिहार में शहाबुद्दीन को माफिया बनाया, वे पड़ोसी राज्य के एक दुर्दांत माफिया का मजहब देख कर उसकी मौत पर छाती पीट रहे हैं।

**मोतिहारी में जहरीली शराब से 30 की मौत :** जिले के पांच थाना क्षेत्रों में शराब से अब तक 30 लोगों की मौत हो गई। सभी मौतें पिछले दो दिनों में हुई है। इसमें तुरकौलिया और रघुनाथपुर में 13, हरसिद्धि में 9, पहाड़पुर में 5 और सुगौली में 3 लोगों की मौत हुई है। इस मामले में एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कार्रवाई करते हुए 5 थाना अध्यक्ष, दो एएसआई और 9 चौकीदार को निलंबित कर दिया है। मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस तरह का गलत काम नहीं करना चाहिए। इसे लेकर सभी को समझाया जाता है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी लेंगे। अब तक तीन शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। इनमें मोतिहारी सदर अस्पताल में एक और मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में दो शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। जबकि, ज्यादातर शवों का उनके परिजन ने अंतिम संस्कार कर दिया। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। हालांकि एसपी ने मरने वालों में 22 की पुष्टि की है।

**दक्षिण बिहार समेत राज्य के कई जिलों में भीषण गर्मी के साथ उष्ण लहर**

## 'लू' को लेकर मौसम विभाग ने पांच दिनों तक जारी किया अलर्ट



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में आज से अगले पांच दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञान पटना केंद्र के अनुसार 16 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल तक अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी के साथ लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लू से बचाव के लिए सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। हालांकि पिछले पांच दिनों से राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं और प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है. मौसम विभाग ने आगे भी तापमान में बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं।

मौसम विभाग ने आज पटना और सुपौल जिले के एक-दो स्थानों पर भीषण गर्मी के

- दूटा गर्मी का रिकॉर्ड, भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना

साथ 'लू' चलने और उष्ण गर्मी की चेतावनी दी गई है तो 17 अप्रैल को बिहार के उत्तर पूर्व भाग के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले और दक्षिण बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी के साथ उष्ण लहर और एक-दो स्थानों पर लू चलने की चेतावनी दी गई है।

**इन जिलों में अलर्ट जारी :** वहीं, 18 अप्रैल को भी मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना जताई है। 19 अप्रैल को बिहार के दक्षिणी भाग में औरंगाबाद, गया, कैमूर, बक्सर, पटना, जहानाबाद, नालंदा में तापमान में काफी बढ़ोतरी के साथ उष्ण लहर और लू चलने की चेतावनी दी गई है। 20 अप्रैल को बिहार के दक्षिण मध्य भाग के पटना, नालंदा, गया, जहानाबाद, शेखपुरा, बेगूसराय और लखीसराय जिला के एक दो स्थानों पर लू चलने तापमान में बढ़ोतरी व भीषण गर्मी की चेतावनी दी गई है।

**पूरे बिहार में औसतन तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच :** मौसम विभाग ने सभी जिलों के लोगों को लू और गर्मी से बचने के निर्देश दिए हैं और बेवजह घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। बीते रविवार को पूरे बिहार में औसतन तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रहा है। जबकि राजधानी पटना और औरंगाबाद जिला काफी गर्म जिला रहा। वहीं, बीते दिन सबसे अधिक तापमान औरंगाबाद में 43 डिग्री सेल्सियस रहा तो राजधानी पटना में 42.4 डिग्री सेल्सियस रहा।




सुविचार



जीयर स्वामी

हम वस्तुओं का भोग नहीं करते हैं, वस्तुएं ही हमें भोग लेती हैं।

बड़ी खबर घर से बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल...

केशव टाइम्स

बक्सर, 17 अप्रैल 2023



# जिला आचार्य वुशु चैंपियनशिप 2023 में दिखा खिलाड़ियों का दमखम

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को जिला के कला भवन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर परिषद बक्सर के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रामजी सिंह, संघ के अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रुप में त्रिलोकीनाथ, जिला के रेड क्रॉस के सदस्य एवं संघ के सचिव मुकेश कुमार, हेरिटेज स्कूल के निदेशक प्रदीप पाठक के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। वहीं कार्यक्रम का समापन समारोह संघ के उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिन्हा एवं संयुक्त सचिव विवेक कुमार, रामरतन पाठक के द्वारा किया गया। वहीं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के रूप में इलाके वुशु संघ के अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार सिंह एवं हेरिटेज स्कूल के निदेशक डॉ प्रदीप पाठक के द्वारा खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिले में प्रशासनिक उपेक्षा के बावजूद खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन कर रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाकर न केवल जिले का नाम रोशन कर रही है बल्कि बिहार का नाम रोशन किया है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बुशु खेल के जिला में विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इस खेल के प्रति काफी उदासीन बने हुए हैं। जबकि सरकार भी खेल के प्रति काफी सक्रिय है।

वहीं हेरिटेज स्कूल के निदेशक प्रदीप पाठक ने कहा कि खिलाड़ियों के खेल प्रतिभा को मरने नहीं दिया जाएगा, बल्कि उनके बेहतरी के लिए वह भी सहयोग करने में अपनी पूरी भूमिका निभाएंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 2023 में कुल जिले के 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जो अलग-अलग किलोग्राम भार में शामिल है। वहीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जूनियर सब जूनियर सीनियर यूथ जूनियर एवं सीनियर के महिला एवं पुरुष वर्ग के अलग-अलग खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें सब जूनियर के तहत अंडर 20 किलोग्राम भार बालिका वर्ग में रसिका कुमारी, आंचल सिंह, सृष्टि, आस्था कुमारी, शिवानी कुमारी, वैष्णवी कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। बालक वर्ग में दक्ष पाठक, नैतिक राज सिंह, रितिक राय, हयात खान, धनंजय सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। साथ ही जूनियर कैटेगरी में रूपेश कुमार, रिशु पासवान, तेजस्वी कुमार यादव, उज्जवल चौबे, आशुतोष चौबे, अमित कुमार यूथ जूनियर में वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। अमृत कुमार, राजेश कुमार मौर्य, अभिषेक कुमार, पूजा कुमारी, प्रियांशी कुमारी, पल्लवी कुमारी जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वहीं सीनियर वर्ग में अमीषा कुमारी, निधि कुमारी, सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, निकिता कुमारी, माया कुमारी, निभा कुमारी, सुभाष कुमार, गोलू कुमार, अंकुश कुमार, सुधीर कुमार, ओमकार पासवान, दिलीप कुमार, दीक्षा कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

## बदमाशों ने बधार में ले जाकर प्लंबर मिस्त्री को मारा चाकू

**आरा।** जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के खेसरहिया बधार में रविवार की शाम बदमाशों ने पलंबर मिस्त्री को चाकू मार दिया। चाकू उसके दाहिने साइड पेट में मारा गया है। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल मे इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी पलंबर मिस्त्री खेसरिया गांव निवासी राम तपस्या पासवान का 35 वर्षीय पुत्र पंचम पासवान है।

जख्मी के बेटे मनीष ने बताया कि वह अपने पिता के साथ से सामान खरीदने खेसरहिया बाजार गया था। तभी बाइक सवार एक युवक वहां आया और उसके पिता से कहा कि तुम्हारे पिताजी बुला रहे हैं। तब उसके पिता बाइक से उस युवक के साथ खेसरहिया बधार में चले गये। वहां उस युवक द्वारा उसके पिता को चाकू मार दिया गया। कुछ देर तक जब उसके पिता नहीं आये, तो वह देखने बधार की ओर चला गया। उस दौरान उसने देखा कि उसके पिता खून से लथपथ जख्मी हालत में पड़े हैं। उसके बाद उसने ब शोर मचाना शुरू किया। तब स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## तस्करों के पास से एक पिस्टल, दो रेगुलर सिक्सर, दो गोलियां और दो मोबाइल बरामद

# श्रमजीवी एक्स. से हथियारों की खेप के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सप्लायर गिरफ्तार

- हरियाणा से मिली हथियार व गोलियों की खेप, आरा में करनी थी डिलवरी
- बिहार एसटीएफ व आरा जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

**केटी न्यूज/आरा**



रविवार को बिहार एसटीएफ और आरा रेल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। जिसमें अंतर्राज्यीय हथियार तस्करी करने वाले गिरोह के दो सप्लायर गिरफ्तार किए गए। दोनों को आरा रेलवे स्टेशन पर श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से पुलिस ने हथियार और गोलियों की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, दो रेगुलर रिवाल्वर (बेबेली स्कॉट), 0.38 की दो सौ गोलियां, दो मैगजीन और दो मोबाइल भी बरामद किया। पकड़े तस्करों में एक यूपी के देवरिया जिला के डेहरी सतरांव गांव निवासी हरेराम कुमार और दूसरा बरेली के महराजगंज थाना के चंद्रपुर निवासी सुमित सिंह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि एसटीएफ को सूचना मिली थी कि दिल्ली से श्रमजीवी एक्सप्रेस से हथियार की खेप दिल्ली ले आया लायी जा रही है। उस पर एसटीएफ ने जीआरपी के साथ मिलकर आरा रेलवे स्टेशन पर जाल बिछाया गया। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रूकी, एसटीएफ और आरपीएफ के अधिकारी व जवानों ने बोगियों की तलाशी शुरू की। जिसमें एसी बोगी बी-वन से दोनों सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान बैग से हथियार और गोलियों बरामद की गयी। टीम में एसटीएफ के अफसरों व जवानों के साथ आरा जीआरपी इंचार्ज पंकज कुमार दास भी शामिल थे।

**बिहिया इलाके में करनी थी हथियार की डिलवरी :** एसटीएफ व जीआरपी पुलिस के अनुसार सप्लायरों के द्वारा हथियार और गोलियों की खेप बिहिया इलाके के एक गांव के किसी युवक को की जानी थी। उसके लिए हरियाणा के बहादुरगढ़ में कुछ तस्करों द्वारा दोनों को हथियार और गोलियों की उपलब्ध करायी गयी थी। उसके बाद दोनों बहादुरगढ़ से दिल्ली पहुंचे। वहां से दोनों श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन आरा आ रहे थे। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने यह बात स्वीकार कर ली है। बहरहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर गिरोह के नेटवर्क को खंगाल रही है। पुलिस बिहिया इलाके के युवक की भी पहचान और धरकपड़ में जुटी है। इस संबंध में पकड़े गए दोनों तस्करों के खिलाफ आरा रेल थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### एक माह बाद है सुमित की बहन की शादी

गिरफ्तार हथियार सप्लायर सुमित ने बताया कि उसकी बहन की शादी 15 मई को होने वाली है। जिसके लिए एसे पैसे की काफी जरूरत थी। इसी कारण उसने



हथियारों की डिलिवरी करने का जिम्मा लिया। उसने एसटीएफ को बताया कि वो भोजपुर में हथियार सप्लाई करने के लिए दूसरी बार आया हैं। हथियारों की सप्लाई करने के बदले उसे खाना खिलाकर 5 हजार रुपए देने की बात कही गई थी। नई दिल्ली में सुधीर नामक एक युवक ने भोजपुर के बिहिया के रहने वाले एक अरुण नामक युवक को सप्लाई करने के लिए दिया गया था। इसके बाद हम दोनों की टिकट डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस के बी वन में टिकट कराया। मामले में पूछताछ के बाद एसटीएफ पकड़े गए सप्लायरों की निशानदेही पर गिरोह में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी की तैयारी में जुट गई।

## खड़े ट्रैक्टर के डाला से दबकर चालक की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

स्थानीय थाना क्षेत्र के समसपुर गांव के समीप ट्रैक्टर पलटने से एक चालक की मृत्यु हो गई। घटना रविवार की अहले सुबह की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजन एकत्र हो गए और दहाड़ें मारकर रोने लगे जिससे वातावरण करुणामय हो गया।

मृत चालक की शिनाख्त दमुहां टोला गुलजारबाग निवासी रंजन कुमार के रूप मे की गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर के हाइड्रोलीक डाला को उठाकर डाला के नीचे चेकनट कस रहा था इसी बीच डाला गिर गया जिसमे उसका सिर दब गया और घटना स्थल पर ही उसका मौत हो गई।

घटना की बाबत मृतक के चाचा ने बताया कि रात को ही ट्रैक्टर के मालिक द्वारा ट्रैक्टर चलाने के लिए उसे ले जाया गया था। हालांकि हम लोगों ने मना भी किया, लेकिन रंजन नहीं माना और रात को ही ट्रैक्टर चलाने चला गया। इसके बाद रविवार की सुबह सूचना मिली कि ट्रैक्टर पलटने से उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर थाने ले गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक रामबली यादव पोस्टमार्टम हाउस के समीप पहुँचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया।

# भोजपुर में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया गलत सुई दे हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**



- बोले परिजन... दहेज के लिए पीटा फिर दिया वारदात को अंजाम

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में रविवार की सुबह एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। मृतका नारायणपुर गांव निवासी दीनानाथ सिंह की पत्नी सीमा देवी थी। उसके पति दीनानाथ सिंह शिक्षक बताये जा रहे हैं। सीमा के पिता उदय शंकर सिंह भी रिटायर हेडमास्टर हैं। सीमा के मायके वाले दहेज के लिए मारपीट के बाद जहर की सुई देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

बड़हरा थाना क्षेत्र के छीने गांव निवासी उदय सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सीमा की शादी नौ दिसंबर 2012 को नारायणपुर गांव निवासी कृष्णा सिंह के पुत्र दीनानाथ सिंह से की थी। शादी के तीन माह बाद से ही दामाद द्वारा पैसे की मांग के लिए उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। उसे देखते एक बुलेट बाइक भी खरीद कर दामाद को दी थी। उसके बाद भी पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। उसके लिए उनकी बेटी पर दबाव भी दिया जा रहा था। इसी बीच रविवार की सुबह फोन से सूचना मिली कि उनकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है। उस पर वह उसके ससुराल पहुंचे और स्थानीय थाने को सूचना दी। उदय सिंह की ओर से अपने दामाद दीना शंकर सिंह पर दहेज में पैसे नहीं देने के कारण मारपीट करने के बाद उनकी बेटी को जहर की सुई उसे देकर मारने का आरोप लगाया है। इधर, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में महिला की मौत बीमारी के कारण होने की भी आशंका जताई गई है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि सीमा करीब पांच साल से बीमार चल रही थी। सीमा अपने दो भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर थी। उसे एक साल का एक पुत्र भी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।

## रोहतास जिले में पिछले छह दिनों में 7866 लोगों की हुई जांच, मिले 3 कोरोना संक्रमित

# घर से बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल जरूर करें: सीएस

- सर्दी, खांसी, बुखार, बदन में दर्द की शिकायत हो तो तुरंत कोरोना जांच कराएं

**केटी न्यूज/सासाराम**

रोहतास जिले में भी कोरोना के मरीज लगातार मिल रहे हैं। शनिवार को भी रोहतास जिले में कोरोना के दो नए मरीज पाए गए हैं। पिछले हफ्ते रोहतास जिले में लगभग 5 महीने बाद 4 नए कोरोना पॉजिटिव का मामला सामने आया था। उसके बाद 11 अप्रैल को एक और नए मरीज की पुष्टि की गई। वहीं शनिवार को भी जिले में कोरोना संक्रमण के 2 नए मरीज सामने आए। इस तरह से रोहतास जिले में 10 दिनों के भीतर कोरोना संक्रमण के 7 मरीज मिले हैं। शनिवार को 3 मरीजों को इलाज के बाद सुधार देखते हुए छुट्टी कर दी गई जबकि 4 संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेशन के तहत रखा गया है। वहीं जिले में



कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में शनिवार को 1163 लोगों की कोरोना जांच हुई जिसमें 2 लोग संक्रमित पाए गए। वहीं पिछले 6 दिनों में कुल 7866 लोगों की कोरोना जांच की गयी जिसमें 3 लोग संक्रमित पाए गए।

**स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट :** देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति पूरी तरह से अलर्ट है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल की गयी थी। जिसमें बढ़ते संक्रमण के दौरान मरीजों का उपचार एवं कोविड इमेरजेंसी वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, जरूरी दवाइयों के स्टॉक की पूरी तरह से जांच की गई थी। साथी ही बिक्रमगंज एवं डिहरी अनुमंडल अस्पताल के अलावा सभी सरकारी अस्पतालों को भी अलर्ट रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

**सावधानी बरतने की दी जा रही सलाह :** रोहतास के सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए लगातार सावधानी बरती जा रही है। साथ ही साथ कोरोना जांच में भी तेजी लाई गई है। सिविल सर्जन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, बुखार, बदन में दर्द की शिकायत हो तो तुरंत कोरोना जांच कराएं। इसके अलावा उन्होंने लोगों को यह भी सलाह दी कि घर से बाहर निकलते समय मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।

**जल्दी दिया जाएगा बूस्टर डोज :** कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर जारी टीकाकरण सोमवार से पुनः शुरू की जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आर के पी साहू ने बताया की जिले को जितनी डोज उपलब्ध कराई गई थी वो लाभार्थियों को दिया जा चुका है। जल्दी ही सदर अस्पताल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बूस्टर डोज दी जाएगी। डीआईओ ने बताया की जिनका बूस्टर डोज के लिए समय पूर्ण हो गया है वो लोग जल्द ही बूस्टर डोज ले सकते हैं।

## एक नजर

### राजगीर में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होंगे जिले के कार्यकर्ता

**जहानाबाद।** रविवार को राष्ट्रीय लोक जनता दल की बैठक निजी होटल में जिला संयोजक पिंटू कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अजय कुशवाहा ने कहा कि आगामी 28, 29 एवं 30 अप्रैल को राजगीर में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में इस जिले के साथी को भी भाग लेना है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा अपने कार्यकर्ता को विभिन्न मुद्दों पर प्रशिक्षण देंगे। जिला संयोजक पिंटू कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर राजनीतिक जानकारों के द्वारा लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही आज के राजनीति में सोशल मीडिया की क्या भूमिका होगी। इस पर भी प्रशिक्षण में चर्चा होगी और जनहित के मुद्दों को लेकर पार्टी की भूमिका एवं बिहार की राजनीति में किस धारा के साथ न आगे की राजनीति करनी है। पिंटू कुशवाहा ने कहा कि लोहिया कपूर्री जगदेव प्रसाद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। कुशवाहा ने कहा कि यह शिविर बहुत ही अहम है और इसको हर हाल में सफल बनाना है। इस बैठक में शामिल जोगिंदर प्रसाद सिंह, रामप्रवेश प्रसाद, मुन्ना कुमार दांगी, रीता देवी, राजेश कुमार, सरवन कुमार, संजीव कुमार, हरिशंकर पंडित, राकेश दास, किशन देव प्रसाद, जितेंद्र पासवान, राजेश्वर प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, महेश प्रसाद, अजय कुमार, धनंजय कुमार इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता शामिल हुए।



### स्वास्थ्य विभाग के कार्यालयों में दौरा कर चलाया जाएगा सदस्यता अभियान: गोप गुट

**बक्सर।** चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ गोप गुट का कन्वेसन व बैठक सदर प्रखण्ड बक्सर के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें बैठक की अध्यक्षता दीपक कुमार रजक ने किया। दीपक कुमार रजक ने अपने जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य विभाग कार्यालयों में दौरा कर सदस्यता अभियान चलाने की बात कही एवं कर्मचारियों की समस्यायों से अवगत हो उनके समस्याओं को निदान करने को लेकर चर्चा की गई। जिला सचिव मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में शामिल सभी साथियों को अपने महत्वपूर्ण विचारों से कर्मचारियो को भाव विभोर कर दिए। वहीं उन्होंने सभी प्रखण्डो में सदस्यता अभियान चलाए जाने को लेकर काफी जोर दिये। हाजी मोहम्मद जाकिर हुसैन ने अपने संबोधन के माध्यम से ललकार भरे लब्जो में सरकार को चेताया कि जो सरकार कर्मचारीयों की हित नहीं करेगा अथवा पुरानी पेन्शन बहाल नहीं करेगा उस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए। संघ के सभी कर्मचारी नेताओं ने बारी बारी से कन्वेशन को पटल पर रखा। महिला सचिव जयगीता कुमारी ने कहा कि कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार को रोका जाए। उन्होंने कहा कि सरकार के इस रवैये से तमाम ठेका, संविदा के कर्मचारी त्रस्त हैं। अजय अंशुमन लिपिक राजपुर को राजपुर प्रखण्ड का नेतृत्व करने हेतु निर्णय लिया गया। अतीत श्रीवास्तव ने कहा की हम सारे साथी मांगों को लेकर आगे बढेगे। उनको सिमरी का प्रभार सौंपा गया। बैठक में उपस्थित सतेन्द्र कुमार सिंह, बिट्टु कुमार महिला अध्यक्ष नीलम देवी, कुन्दन झां आदि कर्मचारियों ने भाग लिया।



### पुरानी पेंशन को लागू करने के लिए कर्मचारियों ने निकाला पेंशन संवैधानिक मार्च

**बक्सर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सभी कर्मचारियों को नई पेंशन को समाप्त कर पुरानी पेंशन की लागू करने के लिए एनएमओपीएस (नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम) जिला इकाई बक्सर के जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में रविवार को पेंशन संवैधानिक मार्च आयोजित किया गया। किला मैदान बक्सर से कवलदह पोखर बक्सर तक पेंशन संवैधानिक मार्च निकाला गया। जहां पहुंच कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएमओपीएस जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि एमपी, एमएलए, एमएलसी तथा मंत्रियों को एक से लेकर सात- आठ पुरानी पेंशन तो कर्मचारियों को केवल एक पुरानी पेंशन क्यों नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के घटक दल राजद के चुनावी घोषणा पत्र के क्रमांक-6 पर वादा किया गया था कि सरकार बनने पर पुरानी पेंशन लागू किया जायेगा तथा नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिया जायेगा। इस कार्य क्रम में जिले के सभी विभागों के हजारों की संख्या में कर्म चारी शामिल हुए। इसमें भाग लेने वालों में मंगरू प्रसाद, प्रभु नाथ राम, तेज कुमार, राम कुमार, नन्द बिहारी सिंह, रामजी प्रसाद, रामप्रवेश दास, कृष्ण मिलन सिंह, ब्रजेश पाल, इंदिरा कुमारी, कनक लता कुमारी, प्रीतम कुमार, अजय प्रसाद, दिना नाथ पाल, जंग बहादु सिंह राम जी सिंह, गया प्रसाद,राम पूजन शर्मा, उमा शंकर साहू, सतीश कुमार सिंह, संजय कुमार राम, राधिका रमन सिंह, महेंद्र प्रसाद, कुलकांत कुमार, श्री भगवान राम,शंकर दयाल यादव, संजय रामकुमार,जैनेंद् कुमार, अमन अहमद, रवींद्र कुमार, राजीव रंजन, शंकर दयाल शर्मा, संजय कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह विनय शंकर ओझा, भोला कुमार, राम नरेश राम, कूदेंदु कुमार दुबे, दीन दयाल कुँवर, मृत्युंजय मिश्रा, सतीश कुमार सिंह इत्यादि हजारों कर्म चारि उपस्थित थे।



### अनियमित सत्रों को सुदृढ़ करना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए : राज्य सचिव

**जहानाबाद।** बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में 4 वर्षीय स्नातक डिग्री कोर्स किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने कहा कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के कमी के कारण पढ़ाई, परीक्षा व परिणाम की पूरी व्यवस्था अराजक है। सत्र लगातार अनियमित चल रहा है। जिससे सुदृढ़ करना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए थी, लेकिन ठीक इसके विपरीत शिक्षाविदों एवं आम जनों तथा संसद को दरकिनार कर केंद्र सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से लाई गई जन विरोधी नई शिक्षा नीति- 2020 के प्रावधानों के अनुरूप 3 साल के स्नातक को 4 साल में बदला जा रहा है। जिसमें विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली होगी जो पहले से विस्तृत एवं सामाग्रिक ज्ञान के लिए परीक्षित वैज्ञानिक अंतःविषय पद्धति को खत्म कर देगा। साथ ही, सेमेस्टर प्रणाली में कोर्स को छोटा एवं फीस में वृद्धि की जाएगी। यही नहीं 3 वर्ष की जगह 4 वर्ष के कारण छात्रों पर एक और अतिरिक्त वर्ष का आर्थिक बोझ बढ़ेगा। वहीं इस 4 वर्षीय स्नातक डिग्री कोर्स में मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट की व्यवस्था ज्ञान रहित केवल डिग्री बांटने की व्यवस्था होगी जहां फीस नहीं जुटा पाने वाले छात्रों को बीच में ही पढाई छोड़ने को बाध्य करेगी। शिक्षा प्रेमी लोगों खासकर छात्र समुदाय से एकजुट होकर इसके खिलाफ एक सशक्त आंदोलन निर्मित करने का आह्वान किया।

## खबरें फटाफट

### गेहूं के खेत में लगी आग

**केसठ।** रविवार को केसठ बस स्टैंड के पास गेहूं के खेत में आचानक आग लग गया। जिसमे करीब 3 कट्ठा खेत में लगे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। आग की लपटे देख कर ग्रामीणों में आफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि आगलगी की इस घटना में पप्पू यादव की कुल 3 कट्ठा में लगी गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। हालांकि आग कैसे लगी है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

### झाड़ी से बरामद हुई शराब

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने डुमरांव के सफाखाना रोड स्थित पुल के समीप झाड़ी में छिपाकर रखे गये देसी शराब को बरामद करने में सफलता पायी है। बरामद शराब तीन लीटर बताया जाता है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गश्ती के दौरान सूचना मिली कि पुल के समीप शराब फेंका गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर झाड़ियों की तलाशी लेनी शुरू की, जहां से छिपाकर रखे गये तीन लीटर देसी शराब बरामद हुआ।

### कचरा उठाव के लिए देने होंगे 30 रुपए

**केसठ।** केसठ के वार्ड 15 स्थित सामुदायिक भवन के प्रांगण में एस एल डबल्यू एम की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत उप मुखिया अमितेश कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। जिसमें ये निर्णय लिया गया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज दो के तहत चलने वाले पंचायत में डोर टू डोर कचरा उठाव को ले अब हर घर से प्रति माह 30 रुपए लोगो को देने होंगे। इस संबंध मे जानकारी देते हुए उपमुखिया ने बताया कि ये पैसा वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के द्वारा वसूली जाएगी। वूसली गई राशि ग्राम पंचायत के खाते में राशि रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर ग्राम पंचायत उस राशि से विकास योजनाओं में खर्च कर सकती है और यदि स्वच्छता कर्मियों को ई रिक्शा, पैंडल रिक्शा या अन्य कोई सामग्री खराब होती है, तो उसकी मरम्मत भी इस राशि से किया जाएगा।

# बढ़ी सतर्कता : प्रयागराज में हुई घटना के बाद बक्सर में चौकस हुआ प्रशासन

- डीएम एसपी के नेतृत्व में सेंट्रल जेल में की गई छापेमारी
- बक्सर स्टेशन पर आरपीएफ ने चलाया विशेष अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**

यूपी के प्रयागराज में शनिवार की रात पुलिस कस्टडी में कुख्यात अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद यूपी के सीमावर्ती बक्सर जिले में प्रशासनिक सतर्ककता बढ़ा दी गई है। हालांकि इस मसले पर पुलिस प्रशासन कुछ खुलकर नहीं बोल रहा, लेकिन प्रशासन की कवायदें इस बात की प्रमाण है कि प्रयागराज की घटना के बाद काफी सर्तक हो गया है। इसी कड़ी में शनिवार को एक तरफ डीएम व एसपी के नेतृत्व में बक्सर सेंट्रल जेल में छापेमारी की गई तो दूसरी तरफ रेल पुलिस भी पूरे दिन मुश्तैद रही तथा सभी ट्रेनों की तलाशी ली गई। इस दौरान प्लेटफार्म तथा पूरे स्टेशन परिसर में आरपीएफ की टीम ने सर्च आपरेशन चलाया। जेल और स्टेशन परिसर में चलाए गए छापेमारी अभियान में कुछ भी बरामद होने की जानकारी नहीं मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार के नेतृत्व में शनिवार की सुबह करीब 9:45 बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ प्रशासन की टीम दाखिल हुई थी। इस दौरान सभी जेल के सभी वार्डों की तलाशी ली गई। लेकिन कुछ भी आपत्ति जनक सामान बरामद नहीं हुआ। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने कारा में अनुशासन बनाए रखने एवं विभागीय निदेशों के अनुरूप सभी सुरक्षात्मक उपायों तथा दिशा निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। डीएम ने कारा अधीक्षक राजीव कुमार को निर्देश दिया कि कारा के सभी कैदियों का निरंतर स्वास्थ जांच कराते हुए उनका हेल्थ प्रोफाइल रखा जाए। जेल की सुरक्षा के दृष्टि से कुछ अतिरिक्त जगहों पर भी सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश डीएम ने दिया। करीब डेढ़ घंटे तक जेल में रहने के बाद प्रशासनिक टीम लौट आई। इस दौरान बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र, सदर एसडीपीओ गोरख राम, जेल उपाधीक्षक त्रिभुवन सिंह, नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार समेत कई अन्य थानों की पुलिस शामिल थी। वहीं दूसरी तरफ आरपीएफ ने बक्सर स्टेशन तथा टेज्नों में विशेष तलाशी अभियान चलाया। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में रेलव सुरक्षा बलों के जवानों ने पूरे दिन स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों तथा परिसर के चप्पे-चप्पे का निरीक्षण किया गया। माना जा रहा है कि किसी संभावित उपद्रव की आशंका को देखते हुए ऐसा किया गयौ। जबकि आरपीएफ प्रभारी दीपक ने इसे रूटीन जांच अभियान बताया।





## एक बड़े गिरोह को हथियार की सप्लाई करते थे पकड़े गए सप्लायर, पहले से हैं हिस्ट्रीशीटर

# साजिश नाकाम : छह पिस्टल एवं 12 मैग्जिन के साथ हथियारों के तीन सप्लायर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

डुमरांव को दहलाने की साजिश का पुलिस ने समय रहते पदार्फाश कर लिया है। इस दौरान अंतरजिला गिरोह के तीन हथियार सप्लायर मुंगेर निर्मित 6 देशी पिस्टल व 12 मैग्जीन के साथ दबोचे गए है। उनके पास से पुलिस ने 4 मोबाईल, बैग व कपड़े बरामद किए है। रविवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि पकड़े गए तीनों सप्लायरों का पूर्व से अपराधिक रिकार्ड रहा है। वही उनपर डुमरांव थाने में आर्म्स ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हथियार सप्लायर गिरोह का एक बड़ा गैंग मुंगेर से भारी मात्रा में पिस्टल व गोली लेकर आया है। एसपी ने बताया कि इस सूचना पर डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वरी राम के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जिसमें डीआईयू प्रभारी राजेश मालाकार, डुमरांव थाने के एसआई अनिल कुमार, बक्सर तथा डुमरांव की डीआईयू टीम के साथ ही डुमरांव थाने के सशस्त्र बलों को शामिल किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर इस टीम ने सबसे पहले डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ हाता गांव में छापेमारी कर दीपू राम पिता नंदलाल राम को पकड़ा।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते एसपी

दीपू राम ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसने मुंगेर से छह पिस्टल मंगवाया है तथा उसे डुमरांव के हरिजी के हाता निवासी अपने दोस्त बालेश्वर साह के घर बैग में छिपाकर रखा है। इसके बाद पुलिस ने बालेश्वर के घर छापेमारी कर मुंगेर निर्मित छह पिस्टल, 12 मैग्जीन बरामद किए। फिर दीपू ने अपने दो अन्य सहयोगियों औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव निवासी स्व सुरेन्द्र यादव के पुत्र दिनेश कुमार तथा उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के रसड़ा थाना क्षेत्र के प्रधानपुर गांव निवासी चंदन यादव उर्फ आशीष यादव उर्फ सोफिया को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस पिस्टल व मैग्जीन के अलावे चार मोबाईल, बैग तथा कपड़े भी बरामद किए है। हालांकि बाद में पूछताछ के बाद बालेश्वर साह को छोड़ दिया गया है। जबकि दीपू, दिनेश और चंदन को जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उनके पूरे गिरोह का पता लगा है। हालांकि उक्त असलहों की कहां डिलेवरी होने वाली थी इसका जबाव नहीं मिल सका है। हथियार सप्लायरों की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी कामयाबी मान रही है।

**गिरफ्तारी के बाद कई तरह की हो रही थी चर्चा :** हथियार तस्करों की गिरफ्तारी के बाद से ही क्षेत्र में अनेकों तरह की चचाएं हो रही थी। कुछ लोगों का कहना था कि गिरफ्तार किए गए तस्करों का संबंध जिले के एक कुख्यात से काफी गहरा है तथा उसके गिरोह को ही ये लोग हथियारों की सप्लाई करते थे। वही सूत्रों का ये भी कहना है कि एनएच 922 पर पुराना भोजपुर के पास एक जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए इन हथियारों का जखीरा इकट्ठा किया गया था। लेकिन पुलिस ने समय रहते सप्लायरों को दबोच एक बड़ी घटना होने से बचा लिया। हालांकि पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की जा रही है।

**मुखिया का चुनाव लड़ चुका है दीपू :** अवैध असलहों का मुख्य सौदागर हाता गांव का दीपू राम पिछले पंचायत चुनाव में कुशलपुर पंचायत से मुखिया पद का उम्मीद्वार भी था। हालांकि चुनाव में उसे जीत नसीब नहीं हुई। सूत्रों का कहना है कि दीपू का पहले से अपराधिक रिकार्ड भी रहा है। जानकार बताते है कि वह अपने काले कारनामे को छिपाने के लिए ही सामाजिक जीवन में सक्रिय होना चाहता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

> "पूरे गिरोह को पकड़ लिया गया है। उनके पास से मुंगेर निर्मित छह पिस्टल, 12 मैग्जीन, चार मोबाईल, बैग व कपड़े बरामद हुए है। गिरफ्तार तीनों हथियार तस्करों का पहले से अपराधिक रिकार्ड रहा है। उनके स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।
>
> *- मनीष कुमार, एसपी बक्सर*

## एक नजर

### डुमरी के नवीन नीतेश को मिला बाणभट्ट गौरव कला सम्मान, छाई खुशी

**डुमरांव।** महर्षि विश्वामित्र की धरती बक्सर के एक होनहार संगीतज्ञ को बाणभट्ट गौरव कला सम्मान मिला है। उन्हें यह सम्मान मध्यप्रदेश के सीधी में आयोजित संगीत समारोह में दिया गया है। बाणभट्ट लोक संगीत महोत्सव 2023 सीधी (मध्य प्रदेश) में बाणभट्ट गौरव सम्मान से सम्मानित होने वाले नवीन नीतेश पांडेय बक्सर जिले के डुमरी गांव के मूल निवासी है। इस पुरस्कार के मिलने के बाद उन्होंने बताया बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के पर्यटन टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा आयोजित ह्रउत्थान सामाजिक संस्कृतिक साहित्यिक संस्था द्वारा परसिली रिसॉर्ट संगीत का अयोजन किया गया था। जिसमें कुल 20 राज्यों से कलाकार शामिल हुए। इस समरोह में नवीन नीतेश को संगीत संयोजन करने का अवसर मिला तथा उनके बेहतरीन प्रदर्शन की दर्शकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। निर्णायक मंडल द्वारा उन्हें बाणभट्ट कला गौरव सम्मान के लिए चयनित किया गया। नीतेश ने बताया कि उक्त संगीत कार्यक्रम की शुरूअता उन्होंने मंगल मंत्र से की थी। जिसमें बाल गायिका मान्या पांडेय ब्रांड एंबेसडर पर्यटक (सीधी), दिल्ली के राज्य सभा सांसद अजय प्रताप सिंह, रीवा विधायक राजेन्द्र शुक्ला और श्रमजीवी पत्रकार संघ के चीफ ब्यूरो अखिलेश पांडेय मौजूद थे। अतिथियों द्वारा ही उन्हें पुरस्कार दिया गया। नीतेश के मध्य प्रदेश में सम्मानित होने के बाद डुमरी गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई है।



### मोदी सरकार में मौजूदा सुविधाओं व उपयोगी ट्रेनों को बंद कर दिया गया है : सदर विधायक

**डुमरांव।** डुमरांव रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं देने और विभिन्न ट्रेनों के ठहराव सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर रविवार को रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्यों तथा समाजसेवियों ने एकदिवसीय धरना दिया। धरने की अध्यक्षता मुन्ना यादव और संचालन अखिलेश केशरी ने किया। सदस्यों ने अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर रेल प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। धरने के दौरान रेलवे स्टेशन के आसपास रेल पुलिस विधि-व्यवस्था को लेकर कड़ी निगरानी बरत रही थी। इस धरने को बक्सर सदर विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह, कृष्णबिहारी चौबे, कमलेश सिंह, डॉ एसके सैनी, मोहम्मद इकरामुद्दीन, कलीम अहमद खान, कमल चौरसिया आदि ने संबोधित किया। सदर विधायक मुन्ना तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार में पहले से मौजूद सुविधाओं तथा उपयोगी ट्रेनों को बंद कर दिया गया है। वहीं डॉ एसके सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयालय उपाध्याय जंक्शन से पटना के बीच किसी भी स्टेशन पर रेलवे का ट्रामा सेंटर व एंबुलेंस नहीं है। जिस कारण दुर्घटना के शिकार यात्री समय पर इलाज के अभाव में दम तोड़ देते है। वक्ताओं ने कहा कि डुमरांव रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का घोर आभाव है। इस स्टेशन से रेल विभाग को करीब छह करोड़ रुपये का सालाना आय होता है लेकिन विभाग द्वारा महिला यात्रियों के लिए शौचालय, पेयजल, समुचित सफाई व्यवस्था आदि की भी सुविधा नदारद है। उन्होंने यात्रियों की मूलभूत सुविधा देने की मांग किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्टेशन से प्रतिदिन 12 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। ट्रेनों के आभाव में सैकड़ो यात्री बक्सर स्टेशन पहुंच कर लंबी दूरी के ट्रेनों का सफर करते है। रेल विभाग ने कोरोना काल खत्म होने के बाद भी अब तक कोरोना काल मे बंद ट्रेनों का परिचालन शुरू नही कराया। आज भी यात्रियों को कोरोना काल वाला भाड़ा रेल यात्री को अदा करना पड़ता है। समिति द्वारा आयोजित धरने में पंकज पटेल, छोटे सिंह, दिलीप केशरी, अंजू कुमारी, बिजली राम, बीरेंद्र ओझा, मिथिलेश राय सहित अन्य ग्रामीण व शहरी इलाके के समाजसेवियों के अलावे कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल थे।



### मनमानी : शौचालय निर्माण के बाद लाभुकों को नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

**चौगाई।** प्रखंड के स्थानीय चौगाईं पंचायत लोहिया बिहार स्वच्छता मिशन के तहत शौचालय का निर्माण कराने वाले लाभुकों को एक साल के बाद भी प्रोत्साहन राशि नहीं मिल सकी। प्रोत्साहन राशि पाने के लिए गर्मी के इस भीषण मौसम में लाभुक हर दिन प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। लेकिन प्रोत्साहन राशि देना तो दूर अधिकारी इस मसले पर संतोजनक जबाव भी नहीं दे पा रहे है। जिससे शौचालय का निर्माण करवाने वाले लाभुकों में आक्रोश गहराने लगा है। जानकारों का कहना है कि सैकड़ों लाभुक आज भी राशि भुगतान के लिए प्रखंड कार्यालय का गणेश परिक्रमा करने को विवश हैं। राशि भुगतान के लिए लाभुक कभी बीडीओ तो कभी स्वच्छता प्रखंड समन्वयक कार्यालय का चक्कर लगाते हुए नजर आते हैं। इसके बावजूद उन्हें राशि का भुगतान नहीं हुआ है। लाभुको ने बताया कि जनप्रतिनिधियो और प्रशासन के द्वारा बोलने पर जैसे तैसे पैसा का व्यवस्था कर शौचालय का निर्माण हमलोगों ने कराया। ताकि शौचालय निर्माण के बाद एक या दो माह के अंदर प्रोत्साहन राशि मिल जायेगा। लाभुक मनीष कुमार, कुंती देवी, कृष्णा कुमार आदि ने बताया कि शौचालय निर्माण के सात माह से ऊपर होने के बाद भी अबतक प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है। लाभुकों की मानें तो शौचालय निर्माण के लिए जागरूकता का ढोल पीटने वाले पदाधिकारी अब राशि भुगतान के समय कुम्भकर्णी निद्रा में सो गए हैं। इस संबंध में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि मामले की जांच करवाई जा रही है। जांचोपरांत लाभुकों को शीघ्र प्रोत्सान राशि का भुगतान करवाया जाएगा।

## अलग-अलग शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपित गिरफ्तार

- दो आरोपित राजस्थान से तो एक तस्कर को हरियाणा से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/नावानगर**

बीते वर्ष के दो अलग-अलग शराब कांडों में फरार चल रहे तीन आरोपित तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्करों में से दो को राजस्थान से जबकि एक को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार विगत वर्ष जनवरी माह में सोनवर्षा ओपी के अमरपुरी स्थित एक लाइन होटल के पास से शराब लदी पिकअप वाहन को पकड़ा गया था। जिसमें 640 लीटर अंग्रेजी शराब था। पिकअप में सवार दो तस्कर राजस्थान के प्रकाश यादव व गुरुदेव सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं दो लोग अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए थे। पुलिस के पूछताछ में प्रकाश यादव ने राजस्थान के सरना तथा पिपौली गांव निवासी नवीन कुमार व विजय कुमार को शामिल होने की बात बताई थी। जिसे सोनवर्षा ओपी पुलिस ने राजस्थान पुलिस की सहयोग से दोनों को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरा मामला विगत वर्ष अगस्त माह में सोनवर्षा स्थित द एमिटी स्कूल के पास से एक मारुति कर से 345 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया था। साथ ही मारुति कार में सवार राजस्थान के दो शराब तस्कर दिनेश कुमार व चितरमल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तार तस्करों से पुलिस के पूछताछ में हरियाणा के बावल गांव निवासी कृष्णा कुमार का नाम सामने आया था। जिसे पुलिस ने हरियाणा के उसके गांव से गिरफ्तार कर अपने साथ ओपी ले आई है। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि बीते वर्ष के दो शराब कांडो में राजस्थान व हरियाणा से तीन आरोपित तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



## ईद व परशुराम जयंती को ले शांति समिति की बैठक संपन्न, एसडीओ ने दिए निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने रविवार को अपने कार्यालय स्थित सभागार में ईद व परशुराम जयंती के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में ईद व परशुराम जयंति मनाने की अपील की। इस दौरान एसडीओ ने बताया कि संभवतः 22 अप्रैल को ईद तथा परशुराम जयंति एक साथ पड़ेगा। ईद पर बड़ी संख्या में रोजेदार ईदगाहों में नमाज अदा करेंगे। जबकि बक्सर में परशुराम जयंति को ले दो संगठनों द्वारा अलग-अलग साइकिल रैली का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि ईद का नमाज सुबह 9:30 बजे तक समाप्त हो जाएगा। जबकि पहली साइकिल रैली सुबह 10:30 बजे किला मैदान से निकल पीपरपांती रोड, मुनीब चौक, जमुना चौक होते हुए पुनः किला मैदान पहुंच संपन्न होगी। जबकि दूसरी साइकिल रैली अहिरौली स्थित परशुराम मंदिर से शुरू होकर ज्योति चौक, मठिया मोहल्ला पुल होते हुए मंदिर पहुंच संपन्न होगा। एसडीओ ने कहा कि दोनों त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सभी चौक चौराहों, ईदगाह तथा साइकिल रैली के रूट पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहेगी। उन्होंने कहा कि उपद्रवी तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार समेत शांति समिति के सदस्य तथा संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।



## सोनवर्षा के खेल मैदान में आयोजित हुआ नाईट क्रिक्रेट टूर्नामेंट, 16 टीमों ने लिया हिस्सा

# करवनियां ने चनवथ को 2 रनों से हरा टूर्नामेंट पर किया कब्जा

- प्रियांशु मैन ऑफ द मैच तो भूषण कुमार चुने गए मैन ऑफ द सीरीज

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा खेल मैदान में रविवार की रात नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। देर रात तक चले इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच भोजपुर जिले के करविनियां व बक्सर जिले के चनवथ की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें करवनियां की टीम ने रोमांचक अंदाज में चनवथ को 2 रनों से पराजित कर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि ने कप देकर प्रोत्साहित किया। दबंग डीजे क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित यह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार की देर शाम शुरू हुआ था। जिसमें कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। एक दूसरे टीम को हराकर फाइनल में करवनियां एवं चनवथ की टीम पहुंची। टांस जीतकर करवनियां की टीम निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 75 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चनवथ की टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट गंवाकर 73 रन ही बना सकी। इस तरह करवनियां की टीम दो रन से विजयी रही।



विजेता टीम को कप देते मुख्य अतिथि

### हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद, की हौसला अफजाई

विजेता टीम को सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, द एमिटी स्कूल के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश व पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मंटू पटेल ने संयुक्तरुप से कप दिया। मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के प्रियांशु कुमार तथा मैन ऑफ द सिरीज उपविजेता टीम के भूषण कुमार को चुना गया। फाइनल मैच में इंपायर की भूमिका रोहित गिरी एवं शंकर कुमार ने निभाई। देर रात तक चले इस टूर्नामेंट में दोनों दिन हजारों की संख्या में दर्शक थे तथा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई कर रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र में नाईट क्रिकेट टर्नामेंट के आयोजन से लोगों में उत्साह व्याप्त था। यही कारण है कि लगभग मध्यरात्रि तक चले इस टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में लोग दर्शक बन मौजूद थे। मौके पर आयोजक मिंटू पटेल, रोहित पटेल, मेराज मिस्त्री, मनीष पटेल, शंकर कुमार, शशि कुमार, सोनू पटेल, विवेक पटेल, अखिलेश पटेल, मोहित कुमार, निक्की कुमार, सल्टू कुमार समेत सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद थे।

# अतीक ब्रदर्स की हत्या के बाद प्रशासन अलर्ट, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

- बोले एसपी... अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**केटी न्यूज/बलिया**

बाहुबली अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड के बाद पुलिस अलर्ट मोड में है। प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित होने के बाद पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर के नेतृत्व में बलिया पुलिस बल सड़कों पर उतर गया। नगर बलिया के विभिन्न क्षेत्रों में शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरी पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने कहा कि थाना क्षेत्रों में जनता में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने लिए एवं जो विधिवत रूप से रेगुलर जो हमारी फुट पेट्रोलिंग होती है। उसको और इंटेंसिफाई करके सारी फोर्स जो है वो विभिन्न क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग गाड़ी से पेट्रोलिंग मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग कर रही है। इसके अलावा हमारी कई जगहों पर पिकेट्स लगी हुई है। घूम करके सुरक्षा व्यवस्था देखा जा रहा है। संवेदनशील थाना क्षेत्रों में ऐक्सट्रा फोर्स लगा करके सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किया गया है। पुलिस अफवाह फैलाने वालों पर बड़ा एक्शन लिया जाएगा।





**पुलिस ने की फुट पेट्रोलिंग :** बांसडीह पुलिस ने कस्बे में पैदल भ्रमण किया और लोगों से बातचीत कर उन्हें शासन के निदेर्शों से अवगत कराया। कस्बे में पैदल पर निकले कोतवाल योगेंद्र सिंह ने दल बल के साथ कस्बे के बड़ी बाजार, फुटानी चौक, होते हुए अंबेडकर तिराहा आदि स्थानों पर पहुंचा। पुलिस ने कई स्थानों पर रुककर इलाकाई लोगों को भीड़ न लगाने की हिदायत भी दी।

**आरएसएस कार्यालय व मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात :** सुरक्षा के मद्देनजर नगर के टाउन हाल रोड स्थित आरएसएस कार्यालय के बाहर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया था। वहीं बिशुनीपुर स्थित जामा मस्जिद, बहेरी मस्जिद, ईदगाह के बाहर भी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी जगह पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। यदि कोई गड़बड़ी करता पकड़ा गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नगर निकाय चुनाव: अब पर्चा भरने में दो दिन शेष, कांग्रेस ने घोषित किया उम्मीदवार

# सैदपुर नपं में अध्यक्ष एवं सभासद पद के लिए किसी ने नहीं किया नामांकन

- अध्यक्ष पद के लिए कुल 25 व सभासद पद के लिए भी 70 से अधिक पर्चे बिके

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

निकाय चुनाव के मद्देनजर सैदपुर नगर पंचायत में अब तक कांग्रेस व सुभासपा को छोड़कर किसी भी छोटे व बड़े दलों ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। सुभासपा ने जहां सबसे पहले शांति देवी पत्नी राजेंद्र को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, वहीं रविवार को कांग्रेस पार्टी ने सैदपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए नगर के वार्ड 15 निवासिनी पुष्पा देवी पत्नी लालजी सोनकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा अन्य किसी भी दल द्वारा प्रत्याशी घोषित न करने से लोगों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। आलम यह है कि नामांकन में अब सिर्फ दो दिन शेष हैं और अब तक अध्यक्ष पद के लिए कुल 25 पर्चे भी बिक हो चुके हैं, लेकिन किसी भी व्यक्ति द्वारा अब तक नामांकन नहीं किया गया है। यहां तक कि सभासद पद के लिए भी 70 से अधिक पर्चे बिके हैं, और उनमें से भी अभी तक किसी भी व्यक्ति ने नामांकन नहीं किया है।

अब सिर्फ रविवार व सोमवार का समय शेष है। ऐसे में ये भी हो रहा है कि रविवार को भी कोई नामांकन न करे, बल्कि अब सीधे सोमवार को ही लोग नामांकन करेंगे। जिसके चलते नामांकन कक्ष में व अधिकारियों पर काम का दबाव होना तय है। पार्टियों द्वारा पत्ते न खोलने के चलते निर्दलीय चुनाव लड़ने के इच्छुक भी नामांकन नहीं कर रहे हैं। क्योंकि निर्दलीय लड़ने वाले दावेदारों को भी किसी न किसी पार्टी द्वारा टिकट दिए जाने की उम्मीद है। ऐसे में उन्हें डर है कि कहीं निर्दलीय नामांकन कर दिया और पार्टी भी उन्हें ही टिकट देने वाली हो तो सब बिगड़ जाएगा। बहरहाल, टिकट घोषणाओं के बीच संभावित प्रत्याशी अपने प्रचार प्रसार के लिए हर दांव पेंच आजमा रहे हैं और क्षेत्र में अपने प्रचार में सक्रिय हो गए हैं।

## नपा गाजीपुर से सरिता अग्रवाल पर भाजपा ने दोबारा जताया विश्वास

**गाजीपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने जिले के तीन नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायतों के अध्यक्ष पदों की सूची जारी कर दी है। नगरपालिका गाजीपुर से सरिता अग्रवाल, नगरपालिका मुहम्मदाबाद से संदीप गुप्ता, नगरपालिका जमानियां से जयप्रकाश गुप्ता को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। नगर पंचायत जंगीपुर से विजय लक्ष्मी गुप्ता, सैदपुर से सुशीला सोनकर, बहादुरगंज से अरविंद प्रजापति, दिलदारनगर से अविनाश जायसवाल और सादात से प्रमिला यादव को अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया है। खास बात यह है कि गाजीपुर नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल को एक बार फिर भाजपा उम्मीदवार बनाकर उन पर भरोसा जताया है।



**नगर पंचायतों में प्रत्याशियों की घोषणा की :** निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में भावी प्रत्याशियों को हरी झंडी मिलने का इंतजार था। रविवार को नगर पंचायतों में उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही इंतजार खत्म हो गया, लेकिन अब भी नगर पालिका परिषद में भावी उम्मीदवार उहापोह में हैं। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने नगर निकाय चुनाव के लिए जनपद के सभी नगर पंचायतों में उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। नगर पंचायत जंगीपुर से विजय लक्ष्मी गुप्ता, सैदपुर से सुशीला सोनकर, बहादुरगंज से अरविन्द प्रजापति, दिलदारनगर से अविनाश जायसवाल, सादात से प्रमिला यादव को अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया है।

## गाजीपुर नपा अध्यक्ष के लिए सपा से दिनेश यादव का खुला पत्ता

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव सिर पर है। गाजीपुर नगरपालिका में प्रमुख दलों के भावी उम्मीदवारों का टिकट फाइनल न होने से लोग उहापोह में थे। इस बीच रविवार को गाजीपुर नगर पालिका के लिए समाजवादी पार्टी ने अध्यक्ष पद के लिए दिनेश यादव को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसकी घोषणा जिलाध्यक्ष के साथ ही सदर विधायक जय किशन साहू ने किया। बताया कि दिनेश यादव पार्टी के लिए काफी समय से काम कर रहे हैं और पूर्व में भी चुनाव लड़ चुके हैं। कहा कि छात्रनेता रह चुके दिनेश यादव की छात्रों व युवाओं में काफी पकड़ है। जिसका लाभ उन्हें चुनाव में मिलेगा।



## डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**गाजीपुर।** नगरीय निकाय चुनाव को सकुशल निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान केंद्रों का जायजा लिया। अधिकारी द्वय नगर पंचायत बहादुरगंज एवं नगर पालिका जमानियां का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत बहादुरगंज के शहरी क्षेत्र का पैदल गश्त किया। इसके बाद मतदान केंद्र फिजा मेरी सिटी इंगलिश स्कूल का निरीक्षण करते हुए चुनाव संबन्धित व्यवस्था का जायजा लिए। क्षेत्र के लोगों से आचार संहिता का पालन करने एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके बाद उन्होंने नगर पालिका जमानियां तहसील में बनाए गए नामांकन स्थल का निरीक्षण कर सारी व्यवस्थाएं देखी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी जमानियां, तहसीलदार जमानियां एवं कासिमाबाद, क्षेत्राधिकारी जमानियां, कासिमाबाद व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## परमेश्वरी देवी मंदिर को और भी बेहतर बनाने की आवश्यकता : मुख्य सचिव

**केटी न्यूज/बलिया**

उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोनाडीह स्थित मां भवानी नव दुर्गा परमेश्वरी मंदिर में दर्शन किया और मंगल कामना की। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया। मंदिर को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मंदिर प्रांगण में हरिशंकरी पौधे का रोपण किया। उन्होंने बताया कि यह मंदिर और भव्य बनाया जाना चाहिए, क्योंकि यहां पर मेला लगता है और साथ में लोग अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराते हैं, जिनमे मुंडन विवाह आदि कार्यक्रम शामिल हैं। अतः इस मंदिर को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। साथ ही मंदिर पर आने जाने के लिए रोड की अच्छी व्यवस्था हो।

**खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला :** इस दौरान मुख्य सचिव ने जूनियर हाई स्कूल सोनाडीह की फुटबॉल राष्ट्रीय स्तर टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका मनोबल बढ़ाया। उनके कोच प्रेम प्रेमचंद यादव और राम प्रकाश ने बताया कि बच्चियां राष्ट्रीय स्तर की गोल्ड मेडलिस्ट है। मौके पर डीएम रवीन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, डीपीआरओ आदि उपस्थित थे।

# मोबाइल एप पर मिलेगी बीज व खाद की जानकारी

- डिजिटल एग्रीकल्चर को जिले में किया जाएगा प्रोत्साहित

**केटी न्यूज/बलिया**

कृषकों को खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी जल्द ही अब मोबाइल एप पर आसानी से मिलने लगेगी। कृषि निवेश केंद्र के साथ अन्य जानकारी देने के लिए नामित कर्मचारी मोबाइल एप पर अपलोड करने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति (नेशनल मास्टर प्लान) के तहत डिजिटल एग्रीकल्चर को जिले में प्रोत्साहित किया जाएगा। रिमोर्ट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से कृषि निवेश केंद्रों, प्रयोगशाला, कृषि प्रक्षेत्र, फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर की जियो टैगिंग कर अपलोड किया जाएगा। अपलोडिंग के दौरान दुकान में मौजूद स्टॉक, सामग्री वार बिक्री रेट का विवरण दर्ज करना होगा।



खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी के साथ कब कौन सा उर्वरक प्रयोग करना, कौन-कौन सा बीज किस रेट पर किस दुकान पर मौजूद है, उर्वरक की स्थिति समेत अन्य जानकारी किसानों को एक ही प्लेटफार्म पर मिलेगी। जिले में संचालित राजकीय फार्म हाउस, राजकीय कृषि बीज भंडार, कृषि रक्षा इकाई, उर्वरक दुकान, बीज दुकान, कृषि रक्षा रासायन दुकान, कस्टम हायरिंग सेंटर तथा फार्म मशीनरी बैंक का डाटा मोबाइल एप पर अपलोड होगा। कृषि अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा प्राप्त इनपुट के अनुसार जिले में अगले सप्ताह से बारिश और मौसम खराब होने की संभावना जताई गई है। इसलिए किसान अपने अनाज को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दें। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि श्री अन्न योजना के तहत जनपद के किसानों को विकास खंड़ कार्यालय से मोटे अनाज के बीज उपलब्ध कराएं जाएंगे। इसके लिए इच्छुक किसान ब्लॉक मुख्यालय में आवेदन कर सकते है।

जिला कृषि अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि डिजिटल एग्रीकल्चर योजना के तहत किसानों को मोबाइल पर खेती-किसानी व कृषि निवेश से जुड़ी जानकारी मिलेगी। इससे जहां किसानों का समय बचेगा, वहीं उन्नत खेती-किसानी में सहूलियत होगी। अपलोडिंग कार्य समय से पूरा हो सके इसकी निगरानी की जा रही है।

## परिवहन निगम की बसों में लगेगी इलेक्ट्रॉनिक टिकट इंटेलिजेंस मशीन

# अब टिकट में हेराफेरी नहीं कर पाएंगे रोडवेज बस परिचालक

- टिकट काटते ही यात्रियों की रिकार्ड होगी ऑनलाइन
- अधिकारी पता कर सकते हैं कि बस में कितने यात्री हैं, कितने टिकट कहां से बनाए गए

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में परिवहन निगम की बसों में अब एक पारदर्शी व्यवस्था लागू हो गई है। रोडवेज बसों में यात्रियों को जो टिकट दिए जा रहे हैं, वह सब ऑनलाइन हैं। ईटीआईएम (इलेक्ट्रॉनिक टिकट इंटेलिजेंस मशीन) इंटरनेट से कनेक्ट है। अधिकारी कहीं से बैठकर बस नंबर के आधार पर पता कर सकते हैं कि कौन सी बस में कितने यात्री सवार हैं। और कितने यात्री कहां से सवार हुए हैं। परिवहन निगम की बसों में पहले मैनुअल टिकट की व्यवस्था थी। परिचालक अपने हाथ से काटकर टिकट देते थे। बस में कितने यात्रियों ने सफर किया, कौन से स्टैंड से कितने यात्री सवार हुए। यह सब परिचालक नोट करता था। अधिकारियों को इसकी जानकारी तब होती थी। जब बस स्टैंड पर पहुंचती और परिचालक यात्रियों के हिसाब से धनराशि जमा करता था। वर्ष 2009 में माईक्रो एफएक्स कनेक्ट है।



कंपनी की ईटीआईएम लागू हुई, लेकिन इसमें यात्रियों का रिकॉर्ड ऑनलाइन नहीं था। जब यह मशीन कंप्यूटर से कनेक्ट की जाती थी। तभी पूरा रिकॉर्ड निकलकर सामने आता था। वर्ष 2014 में इसका अपडेट वर्जन ट्राईमैक्स कंपनी ने दिया। इसमें कुछ नए फंक्शन थे। अब तक यह मशीन परिचालक चला रहे थे, लेकिन अब इसका नया वर्जन ओरियन प्रो कंपनी ने दिया है। इस मशीन का नाम ईटीआईएम ही है, लेकिन अब यह सीधे इंटरनेट से कनेक्ट है। टिकट काटते ही रिकॉर्ड ऑनलाइन हो जाता है। अब अधिकारी ऑफिस से बैठे-बैठे यह पता कर सकते हैं कि बलिया से लखनऊ या कानपुर या फिर दूसरे शहर के लिए कितने यात्री सवार हुए कितने यात्री कौन से स्टैंड पर उतरे। वहां से कितने सवार हुए। बस के वापस आने से पहले उसका सारा रिकॉर्ड ऑनलाइन हो जाता है। अब इससे परिचालक निगम के अधिकारियों को धोखा नहीं दे सकते।

### बस का लोकेशन पता लगा सकते हैं अधिकारी

एआरएम उमाकांत मिश्रा ने बताया कि अब रोडवेज बसों में केवल यात्रियों का रिकॉर्ड ही ऑनलाइन नहीं रहेगा। अब अधिकारी यह भी पता कर सकते हैं कि रोडवेज बस कहां पहुंच चुकी है। कौन से स्टेशन पर और कितने समय में बलिया पहुंच जाएगी। रोडवेज बसों में अब यात्रियों को ईटीआईएम से टिकट दिए जा रहे हैं। इसका सारा रिकॉर्ड ऑनलाइन होता है। कोई भी अधिकारी कहीं से भी यह पता कर सकते हैं कि बस में कितने यात्री हैं, कितने टिकट कहां से बनाए गए।

## एक नजर

### पूर्णकालिक सचिव कामायनी दुबे ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दुबे ने जिला कारागार में बंद पुरुष व महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों के खानपान व मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कामायनी दूबे द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गई एवं उनके यथोचित अधिकार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1047 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 914 पुरूष, 45 महिला व 88 अल्पवयस्क है। बंदियों को सुबह का नाश्ता-चना, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पत्ता गोभी) तथा शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना की दाल, सब्जी (आलू-बैगन) तथा सायं चाय, बिस्कुट। सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव महोदया ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारापाल रविन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।



### सफलता के लिए मन को आदेशित करना सीखें

**मऊ।** नगर के जीवन राम छात्रावास के मैदान में पिछले 3 दिनों से चल रहे हैं अलविदा तनाव शिविर का आम जनमानस के बीच जबरदस्त प्रभाव देखने को मिल रहा है। स्वयं के वास्तविक अस्तित्व की पहचान के द्वारा सफलता प्राप्ति के मंत्रों को यथार्थ रूप में प्रयोग कर जीवन को सरल, संबंधों को सुखद बनाने की विधि सिखाते हुए सीएस ब्रह्मा कुमारी पूनम दीदी ने कहा कि संतुलित एवं सकारात्मक विचारधारा के साथ स्वयं के मन को निर्देशित करना सीखें तो जीवन में सफलता प्राप्ति निश्चित है। उन्होंने कहा कि जीवन में जिस चीज की सफलता चाहते हैं उसको सामने रखते हुए स्वयं के मन को निर्देशित करें कि मुझे विजयी बनना ही है। इसके लिए स्वयं के वास्तविक अस्तित्व अर्थात आत्मिक पहचान होना आवश्यक है। स्वयं को आत्मा राजा समझ मन, बुद्धि, संस्कार रूपी कर्मेंद्रियों को निर्देशित करने से वह पूरी ऊर्जा के साथ उसी दिशा में कार्य करने लगेंगे। जिससे रास्ते में आने वाली अनेक रुकावटें भी टूट जाती हैं। उन्होंने जीवन में सफलता का टॉनिक रूपी इंजेक्शन के रूप में एक विचार देते हुए कहा की सदा मन को यह विचार देना होगा कि मैं एक शक्तिशाली आत्मा हूं प्रकाश पुंज हूं शक्तिपुंज हूं मेरे लिए कोई भी बात असंभव नहीं है। कार्यक्रम के बीच में बजाए गए प्रेरणादायक गीत-जीवन से ना हार जीने वाले, की धुन पर उपस्थित युवाओं के साथ पूरी सभा झूम उठी।



### किसी अफवाहों के ऊपर भरोसा न करें: सीओ

**मऊ।** प्रयागराज में हुई घटना को लेकर मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र में रविवार को पुलिस सतर्क रही। लोगों से अपील करती रही की शांति व्यवस्था कायम रखें। प्रयागराज में शनिवार देर रात अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या के बाद पुलिस कोतवाली क्षेत्र में जगह-जगह सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस ने लोगों से अपील किया कि शांति व्यवस्था बना कर रखें और किसी अफवाहों के ऊपर भरोसा न करें। रविवार को नगर पंचायत वलीदपुर बड़ी बाजार में एक संभ्रांत लोगों की बैठक कर शांति व्यवस्था कायम करने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते सीओ डॉ. अजय विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। जो भी परेशानियां होगी उसको पुलिस को सूचना देने का प्रयास करें। इसी तरह से मुहम्मदाबाद गोहना, खैराबाद, अतरारी आदि जगहों पर बैठक हुई। इस मौके पर कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी, प्रदीप मिश्रा, अजय यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि मोहम्मद अली, वसी अहमद, प्रेमचंद गुप्ता, मु. आरिफ, अनवर अहमद आदि पुलिस के जवान मौजूद रहे।



### आज का उत्तर प्रदेश उभरता एवं दमकता हुआ प्रदेश है: मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा

**मऊ।** जनपद में लगातार दूसरे दिन भी मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा का व्यस्त कार्यक्रम रहा। रविवार को भिटिया स्थिति ब्रह्म बाबा के सुंदरीकरण कार्य एवं कटघरा शंकर स्थित शहीद स्मारक स्थल तथा अमर शहीद वीथिका के लोकार्पण कार्यों का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग श्री जयवीर सिंह द्वारा किया गया। इसके अलावा शाम 4:00 बजे मुख्य सचिव,मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ मऊ जनपद में आर्थिक विकास की संभावनाओ के संदर्भ में एक बैठक का भी आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भीतिया स्थित ब्रह्म बाबा मंदिर पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्य का लोकार्पण माननीय मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग श्री जय वीर सिंह द्वारा किया गया।लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत मंदिर परिसर में माननीय अतिथियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्य के साथ ही माननीय मंत्री जी, प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा मुख्य सचिव जी द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना की गई। कटघरा शंकर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर भी पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा निर्माण एवं सुंदरीकरण का कार्य किया गया है। आज ही इन कार्यों का भी लोकार्पण मुख्य अतिथि महोदय द्वारा किया गया। इस दौरान माननीय मुख्य अतिथि एवं मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव के साथ ही अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा वहां पर निर्मित शहीद स्मारक वीथिका का अवलोकन एवं स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित किए गए। इस शहीद स्मारक स्थल पर भी वृक्षारोपण कार्य माननीय अतिथियों एवं मुख्य सचिव जी द्वारा किया गया इस अवसर पर कलाकारों द्वारा स्थानीय लोकनृत्य प्रस्तुत करने के साथ ही प्रसिद्ध लोक गायक गोपाल राय द्वारा शहीदों की याद में लोक गायन कार्य भी हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि मुख्य सचिव जी की प्रेरणा के कारण शहीद स्मारक स्थल का निर्माण एवं सुंदरी कारण कार्य संभव हो पाया। मुख्य सचिव जी के निर्देशन में कार्यदाई संस्था ने निर्धारित समय सीमा के पूर्व ही इस कार्य को पूर्ण कर दिया।

